संख्या–ब्यूरो–715 / दस–2013–10(आडिट) / 2013

प्रेषक,

निदेशक,
अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग,
38, दरबारी लाल शर्मा भवन,
उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ ।

सेवा में,

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन),
वाणिज्य कर विभाग,
लखनऊ।

अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो लखनऊ : दिनांक23 सितम्बर, 2013

विषयः– पुनरीक्षित वेतनमान में किये गये वेतन निर्धारण की टेस्ट चेकिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–स्था0–5(क)वेतन निर्धारण की टेस्ट चेकिंग / 2705 / वाणिज्य कर, दिनांक 05–9–2013 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– आप द्वारा प्रेषित श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक से सम्बन्धित यू0पी0 वाणिज्य कर मिनिस्ट्रीरियल स्टाफ एसोसियेशन, उ0प्र0 के प्रत्यावेदन पर विचार किया गया। श्री वर्मा की नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक पद पर दिनांक 02–4–1991 को की गयी। इन्हें कनिष्ठ लिपिक पद पर 14 वर्ष की अनवरत संतोषजनक सेवा पर दिनांक 02–4–2005 में रू0 4000–6000 प्रथम प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया। तद्नुसार इन्हें दिनांक 01–01–2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 तथा ग्रेड वेतन रू0 2400 / – पुनरीक्षित किया गया था। इन्हें द्वितीय वित्तीय स्तरोन्नयन के रूप में दिनांक 01–12–2008 से रू0 2800 / – ग्रेड वेतन अनुमन्य किया गया था। कर एवं निबन्धन अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या–क0नि0–4–1269 / 11–2011– 30(5) / 2011, दिनांक 26 सितम्बर, 2011 द्वारा वाणिज्य कर में कार्यरत लिपिकों के ढाँचे का पुर्नगठन किया गया था जिसमें वरिष्ठ लिपिक पद का संविलिनीकरण वरिष्ठ सहायक पद में वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2800 / – में कर दिया गया था। शासनादेश संख्या–वे0आ0–2–253 / दस–62(एम) / 2008 टी0सी0, दिनांक 17–02–2011 में उल्लिखित प्राविधान "किसी पद पर ए0सी0पी0 के अन्तर्गत वित्तीय स्तरोन्नयन अनुमन्य होने के उपरान्त यदि पद का वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन उच्चीकृत / संशोधित होता है तो ऐसे उच्चीकरण / संशोधन की तिथि से सम्बन्धित पद पर ए0सी0पी0 के अन्तर्गत पूर्व में अनुमन्य वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन के स्थान पर सम्बन्धित पद पर अनुमन्य उच्चीकृत / संशोधित वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन के आलोक में उच्चीकृत / संशोधित वेतन बैण्ड / ग्रेड वेतन अनुमन्य होगा, के अनुसार वाणिज्य कर विभाग में लिपिक संवर्ग के पुर्नगठन के फलस्वरूप श्री वर्मा को दिनांक 18–3–2011

से वेतन बैण्ड रू0 9300–34800 तथा ग्रेड वेतन रू0 4200/– अनुमन्य होगा। उपरोक्तानुसार श्री वर्मा से सम्बन्धित आपत्ति संख्या–5 संशोधित की जाती है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
निदेशक एवं सचिव, वित्त।

श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक से सम्बन्धित संशोधित आपत्ति संख्या–5

दिनांक	दिया गया वेतन	दिनांक	देय वेतन
1–7–10	9850+2800=12650	1–7–10	9850+2800=12650
1–7–11	10230+4200=14430 (पुर्नगठन के कारण पदनाम परिवर्तित)	1–7–11	10230+4200=14430 (पुर्नगठन के कारण परिवर्तित द्वितीय ए0सी0पी0)
1–7–12	10670+4200=14870	1–7–12	10670+4200=14870
1–7–13	11120+4200=15320	1–7–13	11120+4200=15320